उत्तरांचल शासन
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
संख्याः 411 /XXXVIII(1)/06–173–वि0प्रौ0/2005
देहरादून : दिनांकः 25 जुलाई, 2006

अधिसूचना

प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन, आपदा व्यवस्था, ग्राम्य विकास तथा सुदूर शिक्षा एवं ई–गर्वनेंस आदि के क्षेत्र में राज्य को समृद्ध एवं खुशहाल बनाये जाने तथा विज्ञान एवं अंतरिक्ष के क्षेत्र में राज्य को अग्रणी एवं प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से अधिसूचना संख्या–1635/ XXXVIII(1)/06–173–वि0प्रौ0/2005, दिनांक 21–सितम्बर, 2005 से अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, उत्तरांचल, देहरादून **(U-SAC)** की स्थापना की गई।

2– उत्तरांचल अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, देहरादून **(U-SAC)** को कियाशील करने हेतु न्यूनतम आवश्यकतानुसार **U-SAC** की विभागीय संरचना में निम्न विवरणानुसार कुल 35 अस्थाई पद इस अधिसूचना के निर्गत होने की तिथि अथवा पद के भरे जाने की तिथि जो भी बाद में हो से, दिनांक 28/2/2007 तक के लिए बशर्ते कि ये पद इसके पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न किये जाय, सृजित करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

क0सं0	पदनाम	संख्या	वेतनमान
1.	निदेशक	01	18400–22400
2.	वैज्ञानिक/अभियन्ता (एस.डी)	02	10000–15200
3.	वैज्ञानिक /अभियन्ता (एस.सी)	06	8000–13500
4.	लेखाधिकारी	01	6500–10500
5.	वैज्ञानिक सहायक "ग्रेड सी"	04	5500–9000
6.	वैयक्तिक सहायक	01	5500–9000
7.	पुस्तकालय सहायक "ग्रेड सी"	01	5500–9000
8.	वैज्ञानिक सहायक "ग्रेड बी"	04	5000–8000
9.	पुस्तकालय सहायक "ग्रेड बी"	01	4000–6000
10.	आशुलिपिक	01	4000–6000
11.	प्रवर सहायक	01	4000–6000
12.	लेखा सहायक	01	3050–4590
13.	कनिष्ठ सहायक/सह डाटा एन्ट्री आपरेटर	05	3050–4590
14.	भण्डारी	01	3050–4590
15.	वाहन चालक	02	3050–4590
16.	अनुसेवक	03	2550–3200
	योग :–	35	

3– निदेशक (वेतनमान रूपये 18400–22400) का पद शासन की विज्ञप्ति/नियुक्ति संख्या–1355/ XXXVIII(1)/06–174–वि0प्रौ0/2005, दिनांक 13–सितम्बर, 2005 से प्रतिनियुक्ति द्वारा भर दिया गया है।प्रतिनियुक्ति की अवधि समाप्त होने के पश्चात नियमित नियुक्ति की जावेगी। उपरोक्त तालिका के कमांक 2,3,5,7,8,9 में अंकित पदों पर नियुक्ति की योग्यतायें/अर्हतायें भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग द्वारा

निर्धारित मानकों एवं अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र उत्तरांचल द्वारा निरूपित नियमावली के तहत की जायेगी तथा भर्ती प्रक्रिया भी तदनुसार होगी। कार्य की महत्ता को देखते हुए इन पदों को आरम्भ में 3 वर्ष के लिए निर्धारित योग्यता एवं अनुभवी कर्मचारियों से यथासम्भव प्रतिनियुक्ति द्वारा भी भरा जा सकता है।

4— कoसo—4 का पद उत्तरांचल वित्तीय सेवा अथवा प्रतिनियुक्ति द्वारा भरा जायेगा । कoसo—11 का पद सीधी भर्ती का न होकर पदोन्नति का पद है अतऐव इस पद पर प्रथम तीन बर्ष के लिये प्रतिनियुक्ति पर तैनाती की जायेगी , तत्पश्चात सुसंगत सेवा नियमावली के तहत पदोन्नति द्वारा पद भरा जायेगा ।

5— उपरोक्त तालिका के 6,10,12,13,14,15,16 में अंकित पदों पर नियुक्ति की अर्हतायें/योग्यतायें राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में प्रचलित सम्बन्धित नियमावलियों के अनुरूप होंगी तथा भर्ती प्रकिया भी राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रकिया के अन्तर्गत की जायेगी।

6— उक्त पद के धारकों को पद के वेतन के साथ—साथ राज्य सरकार द्वारा समय—समय पर प्रख्यापित अनुमन्य मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ता आदि देय होगें।

7— अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र उत्तरांचल की विभागीय संरचना में स्वीकृत उपरोक्त पदों पर स्वायत्तशासी संस्था के नियम लागू होगें ।

8— उपरोक्त तालिका में वर्णित पदों का सृजन अधिसूचना संख्या—1635/XXXVIII(1)/06—173—वि0प्रौ0/2005, दिनांक 21—सितम्बर, 2005 के प्रस्तर—6 में दिये गये निर्देशानुसार कार्मिक विभाग/वित्त विभाग की सहमति से किया जा रहा है।

(पी0सी0शर्मा)
प्रमुख सचिव

<u>पृष्ठांकन संख्या 511 /**xxxviii**(1)/06—173 वि0प्रौ0/2005 तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेशित ।

1— महालेखाकार उत्तरांचल, देहरादून ।
2— निदेशक, अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, उत्तरांचल, देहरादून ।
3— आयुक्त, गढवाल/कुमाऊ मण्डल, उत्तरांचल ।
4— समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल ।
5— वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून ।
6— निदेशक, यू—सर्क, उत्तरांचल ।
7— निदेशक, विज्ञान अनुसंधान परिषद, उत्तरांचल ।
8— उप—निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, रूड़की को इस आशय के साथ प्रेषित की अधिसूचना को आगामी राजपत्र में प्रकाषित करने के साथ वांछित प्रति शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
9— निजी सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तरांचल ।
10— निजी सचिव, मा0 मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उत्तरांचल ।
11— गोपन अनुभाग, उत्तरांचल शासन ।
12— गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,